कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार की... पृष्ठ 2 | कच्चे घरों में निवासरत परिवार... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 22 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 182, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : विष्णु देव साय

### गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आपराधिक कानूनों पर समीक्षा बैठक, गृहमंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर दिया बल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री शाह की अध्यक्षता आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50त्न मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं। बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक श्री सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि श्री रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह, श्रीमती नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

## उदयाचल 2025-26 की नई कार्यकारिणी घोषित

### अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना , सचिव अतुल रायचा, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी बने





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों उदयाचल के संरक्षक उत्तमचंद जैन, पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना एवं चतुर्भुज ठक्कर ने वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी की सदस्यों को मनोनित किया। अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, सचिव अतुल रायचा, उपाध्यक्ष एवं भवन निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन, नेत्र चिकित्सालय प्रभारी पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, प्रमुख सलाहकार उत्तमचंद जैन, भवन प्रभारी भरत डाकलिया, व्यवस्था प्रभारी विनेश कुमार चोपड़ा, युवा संगठन प्रभारी विनोद डड्ढा, सूचना प्रकाशन प्रभारी गौतम बाफना, बक्शी पुस्तकालय प्रभारी शरद अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी सुनील बरड़िया, पेयजल प्रभारी प्रकाशचंद रंगारी, विधि सलाहकार प्रभारी धर्मेन्द्र जैन, फिजियोथैरेपी विभाग प्रभारी त्रिलोचन सिंग बग्गा, होम्योपैथिक विभाग प्रभारी इंदरचंद कोठारी, कार्यकारी सदस्य गुरुमुख दास वाधवा, हरिशचंद जैन, बालचंद पारख, विष्णु प्रसाद लोहिया, आमंत्रित सदस्य- सुरेश डुलानी, रमेश जैन, राजकुमार अग्रवाल बनाए गए। उदयाचल के सभी सदस्यों ने नव मनोनित सदस्यों को बधाई दी। उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गौतम बाफना ने दी।

## हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम मचानपार पहुंची



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा ग्राम मचानपार पहुंची जहां पर एकसुर में जल बचाने का संकल्प लेते हुए कहा कि जल बचाने के जो भी उपाय है उसे अभी से शुरूआत करना है। कार्यक्रम में अभियान की नेतृत्व कर रही पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि इस बरसात के 4 माह पूर्व अर्थात मार्च से प्रारंभ किया गया है लोग हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा अभियान में लोग जुड़ रहे है, पानी बचाने पूर्व में मई के दूसरा सप्ताह रविवार को मदर्स डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम करते रहे हैं जो बरसात तक अधिक से अधिक सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने पर फोकस होता है इस बार 4 माह पूर्व तैयारी शुरू की गई है । अभियान के तहत प्रत्येक गांव में सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, वृक्षारोपण आदि करना है इसके लिए गाँव में सभा कर महत्व से जागरूक कर रहे है साथ ही सोख्ता गड्ढा, बोरी बंधान की शुरूआत की जा चुकी है साथ ही वृक्षारोपण के लिए ग्रामीणो से पौधे की सूची ली जा रही है ताकि अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण एवं आर्थिक रूप से सशक्त कर सके। इस अभियान में शासन, प्रशासन का भरपूर सहयोग तो मिल रहा है उनकी टीम जी जान से अभियान को सफल बनाने में लगे हुए है। ग्राम




पंचायत, ग्रामवासी, माँ बम्लेश्वरी समूह, बिहान कैडर के सहयोग से कार्यक्रम सफल हो रहा है आगे सभी के यहां सर्वे कर सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, पौधारोपण की सूची बनाकर सफल बनाने की दिशा में कार्य करने इच्छुक्ता से आगे आ रही है इस दौरान माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति के उपाध्यक्ष श्रीमति अगसिया साहू, पंचायत पदाधिकारी ग्राम संगठन के पदाधिकारी, बिहान कैडर सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में सांसद संतोष पांडे ने नव दंपति को उपहार भेंट किया

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 15 जोड़ी परिणाय सूत्र में बंधे





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव ग्राम बगदई में कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी जिला राजनांदगांव/ मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी (छत्तीसगढ़) द्वारा 20 अप्रैल 2025 को आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडे, जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, दीना पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल डोंगरगांव, कोसरिया समाज अध्यक्ष देव कुमार पटेल के अतिथि में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कोसरिया मरार पटेल समाज की कुलदेवी मां शाकंभरी एवं भगवान श्री राम के तैलचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर की गई है तत्पश्चात सामाजिक बंधुओ ने अतिथियों का पुष्प माला, बैच,तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया। राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत कर रहे नव विवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किया और हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। सांसद श्री संतोष पांडे ने कहा कि सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं समाज के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्थायी समिति की सभापति बनी खुशबू राकेश साहू




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत राजनांदगांव से जनपद सदस्य श्रीमती खुशबू राकेश साहू क्षेत्र क्रमांक 17 ग्राम सिंघोला को जनपद पंचायत राजनांदगांव के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्थायी समिति जनपद सभापति बनाने हेतु आभार जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर समस्त जनपद सदस्य राजनांदगांव भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी साथ समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया जिला अध्यक्ष ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किया कार्यभार ग्रहण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अपरान्ह कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे वर्ष 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली तथा जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के लिए रवाना हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, संयुक्त कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 210 करोड़ रूपयों के अमृत मिशन में किए गए खर्च का खुलासा महापौर करें- ओस्तवाल

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक जारी पत्र के माध्यम् से शहर के महापौर मधुसूदन यादव से यह मांग की है कि, महापौर के शपथ ग्रहण करने के बाद आप लगातार शहर की आम जनता को 24 घंटे पानी कैसे उपलब्ध हो सके इसके लिए लगातार जो आप विभिन्न वार्डो में दौरा कर रहे है और शहर के निर्वाचित पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ बैठक लेकर शहर की समस्या और पानी की व्यवस्था हेतु जिस तरह आप भरी गर्मी में दिन-रात एक करके जो पानी की व्यवस्था हेतु लगे हुए और शहर की जनता को इस भरी गर्मी में टैंकरों के माध्यम् से पानी पहुँचाने हेतु जो प्रयासरत है वह तो अपनी जगह है लेकिन मेरा आपसे अनुरोध है कि, आप लगभग 25 वर्षो से नगर निगम के पार्षद से लेकर महापौर की अग्रणी भूमिका निभा चुके है और आपको नगर निगम सीमा की भौगोलिक स्थिति एवं निगम की कार्यप्रणाली का अक्षर सा काफी अनुभव निगम के एक्ट और टैक्ट का है और आप यह भी जानते है कि 210 करोड़ रूपयों की अमृत मिशन योजना की स्वीकृत आपके पूर्व महापौर कार्यकाल में प्राप्त हुई थी। और निगम के जिन भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों एवं निगम के



पूर्व महापौर श्रीमती हेमादेशमुख के कार्यकाल चाहे आपके पूर्व पाँच वर्षो के महापौर कार्यकाल में शासन के नियम विरूद्ध अमृत मिशन का काम किया गया जिसके चलते इतनी बड़ी योजना भ्रष्टाचार के चलते फैल हो गई? और उस योजना को काफी हद तक अंजाम तक पहुँचाने वाले निगम के जल विभाग के उपअभियंता श्री अतुल चोपड़ा आदि भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के चलते शहर की जनता को 24 घंटे पानी नहीं मिल पा रहा है और उसी जल विभाग के उपअभियंता की पदोन्नति शासन के नियम विरूद्ध पूर्व महापौर श्रीमती हेमादेशमुख के कार्यकाल में जो पदोन्नति की गई है वह भी पूरी तरह गलत है क्योंकि अमृत मिशन में कही ना कही उक्त अधिकारी के द्वारा महापौर श्रीमती हेमादेशमुख को लाभ पहुँचाया गया गया है? इस कारण शासन के नियम विरूद्ध कार्य करने वाले उस भ्रष्टअधिकारी की जो पदोन्नति की गई है उसकी जाँच का खुला ऐलान करें और लगभग 210 करोड़ रूपयों के अमृत मिशन योजना की जो स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है उसके सम्पूर्ण डी.पी.आर. और जो कार्यादेश के अनुसार उक्त ठेकेदारों के द्वारा जो कार्य किया गया है और उसके तहत् जो भुगतान किया गया है उसकी सम्पूर्ण जाँच का खुलासा शहर की आमजनता के सामने करने का साहस दिखाये और उक्त अमृत मिशन की कितनी शेष राशि निगम के पास बची है उसका भी खुलासा करें क्योंकि यदि पूर्व महापौर श्रीमती हेमादेशमुख के कार्यकाल में इसमें भ्रष्टाचार हुआ है तो उस पूरे मामले की सम्पूर्ण फाईल और ठेकेदारों को किए गए भुगतानों की जाँच करवाकर उनके खिलाफकार्यवाही करें और यदि आपके द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती तो इससे यह प्रमाणित हो जायेगा की इस अमृत मिशन के भ्रष्टाचार की मूल जड़ आप ही है इसलिए आप ट्रिपल इंजन की सरकार आने के बाद भी अभी तक अमृत मिशन के भ्रष्टाचार के फाईल की जाँच का श्रीगणेश अभी तक नहीं किए है जनता इसको देख रही है कि अमृत मिशन के भ्रष्टाचार के मास्टर माईन्ड का खुलासा और उसके खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए।

# कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार की अध्यक्षता में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ2025 के कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक की गई आयोजित

**खरीफ में धान का रकबा कम करने एवं दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलों तथा अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने कहा, खरीफ सीजन में समय के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करना सुनिश्चित करें**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ2025 का कार्यक्रम निर्धारण की संभागीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह, कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा, कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्रीमती तुलिका प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने खरीफ में धान का रकबा कम करने एवं दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलों तथा अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की कमी नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार साप्ताहिक समीक्षा करें तथा सतत निगरानी करें। समय के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव करना सुनिश्चित करें। धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का, गन्ना जैसे कम पानी की खपत वाले फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है। खरीफ सीजन में डीएपी, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, नैनो युरिया जैसे उर्वरक की आपूर्ति होते रहे। उन्होंने कहा कि समितियों द्वारा पॉज मशीन में प्रविष्टि होते रहना चाहिए। बीज वितरण करने के पहले बीज की गुणवत्ता का परीक्षण अवश्य कराएं। अल्पकालीन ऋण अंतर्गत धान की फसल के साथ ही अन्य फसलों के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजनांदगांव जिले में फसल विविधीकरण के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने राजनांदगांव जिले में जल संरक्षण हेतु जल स्तर बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कनर्वेजेन्स करते हुए जल संरचना का निर्माण करने और जल संरक्षण के कार्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने खरीफ वर्ष 2024 एवं रबी 2024-25 में दुर्ग जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की। कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने कहा कि नेशनल मिशन ऑन इडिबल आईल, नेचुरल फार्मिंग जिले में संचालित है और कार्य मिशन मोड में चल रहा है, जिसमें वैल्यू चैन पार्टनर महत्वपूर्ण है। जैविक कृषि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। सबसे ज्यादा 61 क्लस्टर कबीरधाम जिले में है। इसके लिए किसानों का चयन कर 4 हजार रूपए प्रति एकड़



प्रत्येक किसान को प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कृषि सखी को प्रशिक्षण भी दिलाएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि दुर्ग संभाग में सिर्फ दुर्ग एवं बालोद जिले में 466 दलहन-तिलहन की खरीदी की गई है। इसके संबंध में किसानों को अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करें, ताकि वे इस योजना से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने लघु धान्य फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए कहा। पशुधन विकास विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशु नस्ल सुधार, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिरोमॉनिटरिंग एवं सिरोसार्विलेंस के माध्यम से टीकाकरण की गुणवत्ता का आंकलन, एएचडीएफ केसीसी के अंतर्गत बैंक प्रकरण की स्वीकृति एवं राशि वितरण, समग्र डेयरी विकास योजनांतर्गत आदिवासी परिवार को दुधारू पशु क्रय हेतु अनुदान, आईएसएस अंतर्गत दुग्ध, अण्डा, मांस का उत्पादन संबंधी सर्वे, एनएलएम ईडीपी अंतर्गत पशुपालकों के प्रकरण स्वीकृति एवं राशि वितरण की समीक्षा, धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना तथा मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत से संबंधित योजना के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह, कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा, कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने अपने जिले के रबी 2024-25 एवं खरीफ2025 में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि गन्ने का रकबा बढ़ाया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने बताया कि लघु धान्य फसलों के अलावा मक्के की फसल लगाई जा रही है। वही जिले में किसान सुरजमुखी की खेती भी कर रहे है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में रबी 2024-25 एवं खरीफ2025 में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में फसल विविधीकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही तिवड़ा, कुलथी, अलसी का उत्पादन भी जिले में होता है। मक्के की फसल की बिक्री के लिए भी चर्चा की। किसान क्रेडिट कार्ड 89 प्रतिशत सक्रिय है। खाद-बीज की अमानक होने की स्थिति में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जिले में वाटर शेड निर्माण की बात रखी। ग्रीष्म ऋतु में अम्बाड़ी शरबत, जैविक खेती के तहत किसानों द्वारा किए जा रहे खेती के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एबीस एवं राजा राम कंपनी द्वारा मक्के के बीज उपलबध कराएं गए है और 3 हजार एकड़ में मक्के की फसल ली जा रही है। इसके लिए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिलेगी तो और अच्छा लाभ हो सकता है। उन्होंने फसल की किस्मों, उर्वरक एवं बीज की मांग प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत अधिसूचित फसलों के पंजीयन, फसलवार उपार्जन तथा फसल विविधीकरण में इसके उपयोग हेतु रणनीति एवं सुझाव के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर संचालक कृषि एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, संचालक पशुधन विकास विभाग, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड, प्रबंध संचालक मार्कफेड, प्रबंध संचालक बीज प्रमाणीकरण संस्था, संचालक मत्स्य पालन विभाग, क्षेत्रीय प्रबंधक नाबार्ड, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, उप संचाल कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नीरज विद्या मंदिर में पूल पार्टी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की स्थापित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर ( सी0बी0एस0ई0 ) में बच्चों ने पूल पार्टीसेलिब्रेशन किया। जिसमें छोटे- छोटे बच्चों ने अपनी ऊर्जा एवं रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। बच्चों ने स्वीमिंग डेऊस पहन रखे थे। इस अवसर पर बच्चों ने पूल पार्टी का जमकर लुत्फ उठाया। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने पूल पार्टी में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी ग्रीष्मऋतु के संबंध में महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने प्री-प्रायमरी के बच्चों को आगामी मौसम को देखते हुए स्वस्थ खान पान संबंधी सलाह दी। बच्चों ने पूल में भरे हुए पानी में जमकर मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सैयद नूरजहाँ, श्रीमती लुकेश्वरी साहू, श्रीमती शिल्पा कल्चुरी, श्रीमती श्वेता देवांगन, श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव एवं प्रशासक श्री जी.राम सिन्हा का विशेष योगदान रहा।



## गायत्री विद्यापीठ में आशीर्वाद समारोह का आयोजन, 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में 12वीं बोर्ड की परीक्षा संपन्न होने के उपरान्त विद्यार्थियों हेतु विद्यालय द्वारा एक शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं से 12वीं पहुंचे विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल होकर समारोह का हिस्सा बने।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, स्वागत भाषण गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन जी द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं, आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप नित नई बुलंदियों की ऊँचाईयों को छूते रहें, जहां भी आपका लक्ष्य हो वहाँ आप अपने संस्कारों को, सद्व्यवहारों को न भूलें, आप अपने नेक कार्यों से परिवार, समाज एवं देश को गौरवान्वित करें ऐसी मैं आप सभी से अपेक्षा रखता हूँ। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त चितलांग्या जी द्वारा भी विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए नित्य कर्मरत होने का संदेश देकर जीवन को पूर्ण उत्साह, आशा और विश्वास के साथ जीने का संदेश दिया गया। प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी का जीवन मंगलमय हो, लक्ष्य को हासिल करने में हो सकता है बाधाएं हो पर आपको उन बाधाओं से हिम्मत नहीं हारना है, हर चुनौती को स्वीकार कर, मुस्कुराकर आगे बढ़ते रहें। आपकी एक मुस्कुराहट बड़ी से बड़ी बाधाओं को भी आसान कर देगी। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार आयोजन में शाला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, नाटक प्रस्तुत किए गए जो काफी शिक्षाप्रद, मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक रहा। सभी विद्यार्थियों द्वारा विद्यालयीन व्यवस्था एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की जमकर सराहना की गई। सभी विद्यार्थियों ने अपने स्कूली जीवन की यादों को साझा किया। अंत में विद्यार्थियों ने दीप दान में शामिल होकर सभी शिक्षकों से आशीर्वाद लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया। विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व अनुरूप सब टाईटल भी शिक्षकों द्वारा दिया गया। आयोजन में विशेष सहयोग रहा शाला के व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी का जिनकी शानदार वीडियोग्राफी एवं नेतृत्व क्षमता ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। साथ ही शिक्षिका श्रीमती वाणी मुदिराज, श्रीमती अंजली सोनवानी, श्री याददास साहू आदि सभी का भी सहयोग रहा। इस अवसर



पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।


## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मैने अपने पुत्र का पुराना नाम समर आत्मज अरूण कुमार को बदलकर नया नाम सम्राट सिंह रख रहा हूं। तथा जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरे पुत्र का नाम सम्राट सिंह आ. अरूण कुमार ही है। मेरे पुत्र को भविष्य में नये नाम सम्राट सिंह आ. अरूण कुमार के नाम से जाना-पहचाना, पुकारा व समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे, जिस संबंध में नाम परितर्वन सूचना प्रकाशन छत्तीसगढ़ के राजपत्र में किए जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सूचना जाने-

शपथकर्ता
अरूण कुमार
मकान नं. 20, वार्ड नं. 09
ग्राम-छिंगारी, तह- छुईखदान
जिला- खैरागढ़ छुईखदान- गण्डई


## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में कक्षा 7वीं, 8वीं व 9वीं के रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा तथा कक्षा 11वीं में विद्यार्थियों को प्रवेश कक्षा 10वीं बोर्ड में प्राप्त अंकों के मेरिट आधार पर दिया जाएगा। कक्षा सातवीं में बालक के 2 व कन्या के 1, कक्षा 8वीं के बालक के 2, कक्षा 9वीं के बालक 1, कक्षा 11वीं में बालक के 7 रिक्त सीट है। प्रवेश परीक्षा में पिछली कक्षा में पढ़े हुए विषयों से 100 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनका योग 200 अंक होगा। प्रवेश परीक्षा एवं प्रवेश फार्म के संबंध में विस्तृत जानकारी 30 अप्रैल 2025 तक कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।


## कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम

(आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग)

क./249/आजाक / निर्माण / 2025-26 कबीरधाम दिनांक 17/04/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छ.ग. शासन एकीकृत प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के समक्ष वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से महरबंद निविदा फार्म ÷अ÷ में स्वीकृत प्राक्कलन प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग अंतर्गत दिनांक 01.01. 2015 से प्रचलीत एवं निविदा आमंत्रित तिथि तक संशोधित दर पर जिला कबीरधाम के विकास खंड बोडला, पंडरिया एवं कवर्धा में विभाग द्वारा संचालित छात्रावास / आश्रम संस्थाओं में आवश्यक कार्यों की निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है:-

1. **निविदा हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 05/05/2025 सांय 5.00 बजे तक।**
2. भरी निविदा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि (पंजीकृत डाक के माध्यम से) **दिनांक 12/05/2025 सांय 5.00 बजे तक।**
3. निविदा खोले जाने की तिथि **दिनांक 13/05/2025 समय 11.00 बजे।**


उक्त निविदा में 05 संस्थाओं में मरम्मत / लघु निर्माण की प्रत्येक कार्यों की लागत राशि 14.01 लाख से कम हैं। सूचि तथा नियम व शर्तो को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। टीप-निविदा प्रपत्र कय करने हेतु निविदा की राशि का शासन के खाते में विभागीय मद में ÷जमा मुख्य शिर्षः- 0250- अन्य सामाजिक सेवाये, लघुशीर्ष 102 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग कल्याण योजना, से प्राप्तियां (निविदा प्रपत्र बिकी से प्राप्ति) योजना कमांक-0175÷ चालान जमा कर चालान की मूल प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक तक प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक आयुक्त आदिवासी विकास**
**वास्ते कलेक्टर, जिला-कबीरधाम**

जी -252600385/4


## आज धरती माँ को सभी के ध्यान की आवश्यकता है...

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 55वें विश्व पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। 1971 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव यू थांट ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 22 अप्रैल को दुनिया का पहला पृथ्वी दिवस घोषित किया गया था, हालाँकि यू थांट ने पर्यावरणीय संरक्षण का समर्थन किया, लेकिन 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस की स्थापना 1970 में अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने की थी। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसके पास केवल 2.4 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र, 4 प्रतिशत ताजा पानी और 18 प्रतिशत मानव तथा पशुधन आबादी है। हाल ही में हमारी धरती माता के सामने उभरती चुनौतियों में से एक पराली जलाना है। लोग अंधाधुंध और बेतरतीब ढंग से धान के खेतों को जला रहे हैं, जो आसपास के क्षेत्र में फैल जाता है और झाड़ियां व पौधे भी जल जाते हैं तथा पारिस्थितिकी को नुकसान पहुँचता है। हम पहले से ही घटते जल संसाधनों और वनों, मिट्टी के कटाव और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के पतन की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पहले से ही पानी, भूमि और समुद्री संसाधनों को प्रदूषित कर रहे हैं। केंद्रीय भूमिजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रबीर के नाइक ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की है कि कैसे आम जनता इस अंधाधुन्ध आगजनी के बारे में जागरूक नहीं है, जो पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में वन क्षेत्र 25 प्रतिशत है, लेकिन पिछले 40 वर्षों में पेड़ों की संख्या और घनत्व में कमी आई है। यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा दोनों राज्यों में एक बहुत प्रचलित प्रथा है। इन बुरी प्रथाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों में जागरूकता आवश्यक है। महात्मा गांधी प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग और शोषण के खिलाफ थे। उन्होंने प्रकृति के शोषण के लिए मानव लालच का विरोध किया। उनकी सादा जीवन शैली प्रकृति के अनुकूल थी। उन्होंने उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के न्यूनतम और कुशल उपयोग पर जोर दिया। सभी धर्मों के हमारे पूर्वज सूर्य, नदी, पेड़, पहाड़ियों की पूजा करते थे और उनकी रक्षा भी करते थे। लेकिन हम केवल सभी संसाधनों का अंधाधुंध शोषण कर रहे हैं और विलासिता के लिए बर्बाद भी कर रहे हैं। लेकिन अगर हम अब धरती माँ की रक्षा करने में जागरूक नहीं हुए, तो यह एक दिन डायनासोर के विलुप्त होने की तरह मानव जाति को नष्ट कर देगी। समुदाय के पास अपने इलाके का ज्ञान का खजाना होता है जो अपने आसपास के परिवेश को बहुत अच्छी तरह से संरक्षित कर सकते हैं। पृथ्वी जल रही है, जल संसाधन घट रहे हैं। पृथ्वी हर किसी की ज़रूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं। - महात्मा गांधी।




## एक दिवसीय निशुल्क विशाल योग शिविर का आयोजन 23 को डोंगरगांव में

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पतंजलि योग परिवार जिला राजनांदगांव द्वारा आम जनमानस से अपील की है की 23 अप्रैल 2025 बुधवार को प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य स्वामी नरेंद्र देव एवं स्वामी विप्र देव के सानिध्य में एक दिवसीय निशुल्क विशाल योग शिविर का आयोजन स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा संस्कृतिक भवन मेन रोड डोंगरगांव में होना तय हुआ है स्वामी जी के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला के दो तहसील इकाई क्रमशः डोंगरगांव व डोंगरगढ़ में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 अप्रैल को डोंगरगांव में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास के कर कमलो से 50 योग साधक भाई-बहन की उपस्थिति में तथा 21 अप्रैल को डोंगरगढ़ में स्वामी जी के कर कमलो से आम जनमानस की उपस्थिति में प्रारंभ की गई है।

**शुभांक**
**2-4-0**
**247-3 500-5**
**भाग्यांक**
**122-5 158-4**

## समर कैम्प स्थगित, संगठन का विरोध लाया रंग, डीईओ ने वापस लिया समर कैम्प का आदेश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप लगाने का तुगलकी फरमान जारी किया था, इसके लिए बकायदा टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया था।

छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ ने इसका सबसे पहले पुरजोर विरोध किया। संगठन के द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार विरोध दर्ज किया गया तथा समर कैम्प स्थगित नहीं करने पर डी ऑफिस के घेराव की चेतावनी दी गई। सोशल मीडिया में विरोध का खबर वायरल होते ही प्रशासन के कान खड़े हुए और जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर ने आज समर कैम्प का उक्त तुगलकी फरमान वापस ले लिया। इस संबंध में जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश टीम ने जिले तथा प्रदेश के सभी शिक्षक साथियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू, उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, सचिव राजेंद्र लाडेकर, नरेंद्र तिवारी, तुलसीराम पटेल, शिवकुमार साहू, पुरुषोत्तम शर्मा, कमलेश भारती, गायत्री मंडलोई आदि ने प्रदेश के सभी शिक्षक साथियों को एकजुट रहने व संगठन का साथ देने की अपील किया है। प्रदेश महासचिव भोजराम साहू, गायत्री मंडलोई, महेश्वर कोटपरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव हरिशंकर पटेल, कमलेश कुमार भारती, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र तिवारी, केशव पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित कुमार पटेल, अमर दास बंजारे, रामसेवक पैकरा, राजेंद्र कुमार साहू, जगदीश साहू, दिनेश कुमार लहरे, देवेंद्र वर्मा, प्रमोद कुंभकार, दिनेश निर्मलकर, संतोष जैन, मनोज यादव, अभिषेक तिवारी, सुषमा प्रजापति, नारद सहारे, मुकेश दिवाकर, शंभूराम साहू, चंद्रशेखर सारथी, रेखा पुजारी, अरविंद पांडे, देवीदयाल साहू, फूलदेव गुप्ता, हीरालाल विश्वकर्मा, ज्वाला बंजारे, महेश शर्मा, बिमला लकड़ा, मंजू शर्मा, तुलसा मंडावी, नंदकुमार पटेल, रूलिका लकड़ा, नूरजहां खान, रूपेंद्र कुमार साहू, कोमल सिंह गुरु, तिलक खांडे, कुलदीप सिन्हा, कौशल्या कोले, शशिमा कुर्रे, विनोद सिंह राजपूत, मनीषा मिंज, कजला महिलांगे, कुलेश्वरी साहू, कैलाशचंद्र ठाकुर आदि ने समर कैम्प स्थगित करने के आदेश का स्वागत किया है।



## ज्ञान मंथन

*1) शिक्षक कक्षा में जिस प्रकार का संचार करता है, उसे कौन सा संचार कहा जाता है?*

*2) वायरलेस फिडेलिटी किसका पूर्ण रूप है?*

*3) भारत का प्रथम नेशनल सेंटर फॉर मेरीन बायोडाइवर्सिटी किस शहर में स्थित है?*

*4) भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए किसका अनुमोदन अनिवार्य है?*

*5) किस फुटबॉल खिलाड़ी ने लगातार 4 वर्षों तक फीफा वर्ल्ड प्लेयर अवार्ड जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) समूह संचार (2) वाई फाई (3) जामनागर (4) भारत की ससंद की (5) लियोनेल मेसी

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामूहिक आदर्श विवाह में 15 जोडे नवदंपत्ति परिणाय सूत्र में बंधे। अतिथियों द्वारा नव



दंपति को उपहार एवं आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया और अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीबों के लिए एक वरदान है इसमें खर्चीली शादी को रोक लगाती है और कम खर्चे में विवाह हो जाती है आज के जमाने में झूठी शान शौकत के लिए लोग दिखावटी खर्च कर रहे हैं ऐसे समय में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विवाह करवाना गरीब तबके के लिए एक वरदान से काम नहीं है इससे गरीबों को आर्थिक लाभ भी मिलता है और सामग्री भी द्व दी जाती है। इस अवसर पर देव कुमार पटेल, द्वारका पटेल, चरण पटेल, मोहन पिपरिया, मेहत्तर पटेल,महासिंह पटेल, देव सिंह पटेल, उमेंदी पटेल, रोमन पटेल, भुवनेश्वर पटेल, टेक राम पटेल, मोहन पटेल,देवीलाल पटेल, पुनाराम पटेल,सुरजू राम पटेल प्रेम सिंह पटेल मानसिंग पटेल,हीरामन पटेल,सुदर्शन पटेल, देवचंद पटेल,अनिल पटेल, नरेश पटेल, टेशन पटेल,प्रकाश पटेल, राम पटेल,ईश्वर पटेल, अनक पटेल, महादेव पटेल,उर्मिला पटेल, रेनू पटेल,गुलशन पटेल,डेरहा राम पटेल,बिझवार पटेल, रमेश पटेल सहित सामाजिक बंधु जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कच्चे घरों में निवासरत परिवार को आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान की जानकारी देने तथा सुशासन तिहार 2025 मे आए आवेदनो का निराकरण करने महापौर ने दिये निर्देश

### प्रधानमंत्री आवास योजना द्वितीय चरण 2.0 का लाभ देने निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करने आयुक्त के निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर मधुसूदन यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय चरण 2.0 का अधिक से अधिक लाभ देने हितग्राहियों को जानकारी देने विभाग के अधिकारियों से कहा है तथा उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में आए आवेदनों की जॉच कर समय सीमा में निराकरण कर पात्र हितग्राहियो को योजना का लाभ देने कहा है। इसी प्रकार आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वर्मा द्वारा समय समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी एवं योजना के द्वितीय चरण 2.0 में नये आवेदन की जानकारी तथा प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन उपरांत डीपीआर तैयार करने व इसी तारतम्य में निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है।

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे ने योजना से जुडे अधिकारियों एवं वास्तुविदो के साथ बैठक कर योजन के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत भौतिक प्रगति की जानकारी वास्तुविदों से ली। साथ ही साथ धीमि प्रगति से असंतुष्ट होकर निराशा व्यक्त करते हुये कडे शब्दों में सभी वास्तुविदो को छत स्तर तक सभी आवासों को पूर्ण करने एवं एवं लेंटर लेबल के निर्माणधीन आवास को 30 अप्रैल 2025 तक रूप स्तर तक पहुचाने तथा वार्डो में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री वसीम खान एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर सजल तिवारी सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बी ?एल ?सी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे है। इसी तारतम्य में सहायक नोडल अधिकारी श्री वसीम खान एवं आवास की टीम हितग्राही द्वारा निर्माणाधीन स्वयं से आवास का जायजा लेकर हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण के संबंध में योजना के नियमो की जानकारी उपलब्ध कराई जा रहा है और आवास निर्माण पर उन्हें चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उदेश्य सर्वसुविधायुक्त स्वयं का पक्का आवास प्रदान करना है। जिसके लिये आवास निर्माण पर चरणबद्ध भुगतान किया जाता है। चरणबद्ध स्तर पर आवास निर्माण करने पर जियोटैंगीग करने के बाद चार किस्तों में हितग्राहियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार आधार बेस भुगतान किया जाता है। सर्वप्रथम आवास निर्माण करने पर



पहली किस्त नींव खनन स्तर पर, द्वितीय किश्त छज्जा स्तर पर, तृतीय किश्त छत ढलाई करने पर एवं चौथी एवं अंतिम किश्त आवास पूर्ण होने पर जारी की जाती है। आवास योजना के कार्यो में गति लाने महपौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा योजना से जुडे अधिकारियों को प्रगति की जानकारी देने निर्देशित किया है, निर्देशानुसार सिविल इंजीनियर श्री सजल तिवारी के द्वारा निर्माणाधीन आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु हितग्रहियों से इस संबंध में चर्चा कर उन्हें आवास पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाइयों को दूर करने में सहयोग प्रदान कर तकनीकी गुणवत्ता की जानकारी प्रदान कर आवास को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों का निराकरण तय तिथि तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवास योजना से जुडे अधिकारी हितग्राहियों को जानकारी दे रहे है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर उत्कृष्ट एवं अच्छे आवास निर्माण करने वाले हितग्राहियों का सम्मान शासन द्वारा किया जाता है इसी आधार पर हितग्राहियों से अच्छे और सुविधा युक्त आवास निर्माण करने हेतु सामाजिक विशेषज्ञ श्री मानकर के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान हितग्राहियों को इसके संबंध में जानकारी दी गयी, साथ ही इस दौरान वार्डों में कुछ आवास योजना से वंचित कच्चे घरों में निवासरत परिवार को योजना की जानकारी प्रदान कर मोर जमीन मोर मकान घटक के तहत आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को योजना का अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके।

# यादव समाज द्वारा घोरदा में आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

### विधायक ने 5 लाख और सांसद ने 3 लाख घोषणा किया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कोसरिया यादव समाज सर्किल रामपुर के द्वारा ग्राम घोरदा में दो जोड़ों का आदर्श विवाह एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ऐसे आयोजन से केवल यादव समाज को ही नहीं बल्कि हर समाज को एक नया प्रेरणा मिलता है। आदर्श विवाह तो हर समाज के लिए आज की आवस्यकता है। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि. दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव तथा कार्य क्रम की अध्यक्ष ता .मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव ने किया। विशेष अतिथियों में संतोष पांडे सांसद, जयश्री साहू, कंसु राम यादव, के. आर. यादव,शीलू राम यादव,महेश यादव,फगुवा राम यादव ,अनिल यादव ,लखन यादव,दिनेश गाँधी,राम कुमार गुप्ता,विभा साहू , उमेश साहू उपस्थिति थे। कार्य क्रम का शुभारम्भ समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा मांगलिक कलश सांस्कृतिक नृत्य मंडली के साथ ग्राम भ्रमण से हुआ। जिला के समाज प्रमुखों ने मंच पर श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर मंच कार्य क्रम का शुभारंभ किया। सामाजिक बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्य क्रम प्रस्तुत किया गया। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक.दलेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में समाज के महत्व को बताते हुए कहा कि समाज हम सबका पहचान होता है। इसे सुरक्षा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। समाज अगर नहीं होता तो हम सुरक्षित नहीं होते।विधायक ने सर्किल यादव समाज के हित में 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा भी किया। क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने यादव समाज को सब समाज से ऊँचा बताया जिसका सम्बन्ध हर समाज के साथ होता है जिस कुल में भगवान् श्री कृष्ण का जन्म हुआ है वह समाज छोटा नहीं हो सकता। सांसद ने समाज हित 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा भी किया। कार्य क्रम के अध्यक्ष.मधुसूदन यादव महापौर ने समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आदर्श विवाह आज की आवस्यकता है जिसे हर समाज को अपनाना होगा। जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव ने कहा कि आदर्श विवाह को अपना कर हम फिजूल खर्च से बच सकते हैं और इसका उपयोग हम अन्य आर्थिक अर्जन उद्योगों में लगा सकते हैं। जिला संरक्षक के.आर. यादव ने समाज में नियमावली की आवस्यकता को बताते हुए महिलाओं के सम्मान में संशोधित नियमों का पालन करने पर जोर दिया। सभा को विशेष अतिथि दिनेस गाँधी,राम कुमार ,विभा साहू , अलख राम आदि ने भी सभा को संबोधित करते हुए ऐसे आदर्श कार्य क्रम के लिए समाज को बधाई एवं शुभ कामना दिये हैं।

आदर्श प्रस्तुत करने वाले जोड़ों में चि. प्रदीप पिता सुरेश यादव,मठ पार।जनता कॉलोनी राजनंदगांव संग सौ. का. ताकेश्वरी पिता स्व.जगन यादव पेंड्री राजनंदगांव तथा चि.तुमन पिता संत राम यादव निवासी धर्मापुर संग सौ.का. कल्पना पिता स्व.जगन यादव पेंड्री राजनंदगांव प्रेरणा के श्रोत बने।जिला कोसरिया यादव समाज राजनंदगांव के द्वारा आदर्श विवाह के दोनों जोड़ों को आदर्श विवाह सम्मान प्रमाण- पत्र भी प्रदान किया गया। कार्य क्रम का सफल संचालन यादव समाज के गौरव ग्वाला प्रसाद यादव नटखट ने किया। सर्किल कोसरिया यादव समाज रामपुर के अध्यक्ष रोहित यादव,उपा. छन्नू यादव, सचिव जनमेजय यादव,उप सचिव चंद्राकर यादव,कोषा.दिगेश्व 'यादव,संरक्षक दिगम्बर यादव,युवा मंडल से द्वारिका यादव अध्यक्ष,चंद्रिका यादव उपा., नर्सिंग यादव सचिव,उमेश यादव सह सचिव,द्वारिका यादव कोषा. महिला मंडल से मीना यादव अध्यक्ष,ज्योति यादव उपा., संगीता यादव सचिव,कांति यादव सह सचिव,नैना बाई यादव कोषा. दुर्गा प्रसाद यादव सहित पचगैह्म प्रमुखों,समाज के कार्य कर्ता गणों सर्किल के स्व जातीय बंधुओं का सराहनीय सहभागिता रहा है, इसके लिए जिला कोसरिया यादव समाज राजनंदगांव ने सर्किल कोसरिया यादव समाज के प्रति हार्दिक बधाई व शुभ कामना ब्यक्त किया है।

# न्योता भोजन में परोसा गया - करी लड्डू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुचीभरदा स्कूल में आयोजित न्योता भोज में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन प्राथमिक शाला के सफाई कर्मचारी - उमेश्वर निषाद ने अपनी बिटिया - भानेश्वरी के विवाहोपलक्ष पर किया।इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया। दरअसल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन में चावल , दाल एवं सब्जी के अतिरिक्त करी लड्डू परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ छलक रही थी।इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला श्रीमती विभूति ठाकुर , दानदाता - उमेश्वर निषाद,शिक्षक रितुराज चतुर्वेदी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# वैशाख अमावस्या पर तर्पण के समय करें इस चालीसा का पाठ, पितरों को होगी मोक्ष की प्राप्ति

वैशाख अमावस्या पर गंगा स्नान कर देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा करने से जाने-अनजाने में किए गए समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही साधक पर महादेव की कृपा बरसती है। भगवान शिव की कृपा से आयु और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है वैदिक पंचांग के अनुसार, रविवार 27 अप्रैल को वैशाख अमावस्या है। यह दिन देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान कर देवों के देव महादेव की पूजा की जाती है। इस शुभ अवसर पर गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। गुरुड़ पुराण में निहित है कि अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलती है। अगर आप भी पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो वैशाख अमावस्या पर तर्पण के समय शिव चालीसा का पाठ करें।

**शिव चालीसा**

**॥ दोहा ॥**

जय गणेश गिरिजा सुवन,मंगल मूल सुजान।




कहत अयोध्यादास तुम,देहु अभय वरदान॥

॥ चौपाई ॥

जय गिरिजा पति दीन दयाला। सदा करत सन्तन प्रतिपाला॥

भाल चन्द्रमा सोहत नीके। कानन कुण्डल नागफनी के॥

अंग गौर शिर गंग बहाये। मुण्डमाल तन क्षार लगाए॥

वस्त्र खाल बाघम्बर सोहे। छवि को देखि नाग मन मोहे॥

मैना मातु की हवे दुलारी। बाम अंग सोहत छवि न्यारी॥

कर त्रिशूल सोहत छवि भारी। करत सदा शत्रुन क्षयकारी॥

नन्दि गणेश सोहै तहँ कैसे। सागर मध्य कमल हैं जैसे॥

कार्तिक श्याम और गणराऊ। या छवि को कहि जात न काऊ॥

देवन जबहीं जाय पुकारा। तब ही दुख प्रभु आप निवारा॥

किया उपद्रव तारक भारी। देवन सब मिलि तुमहिं जुहारी॥

तुरत षडानन आप पठायउ। लवनिमेष महँ मारि गिरायउ॥

आप जलंधर असुर संहारा। सुयश तुम्हार विदित संसारा॥

त्रिपुरासुर सन युद्ध मचाई। सबहिं कृपा कर लीन बचाई॥

किया तपहिं भागीरथ भारी। पुरब प्रतिज्ञा तासु पुरारी॥

दानिन महँ तुम सम कोउ नाहीं। सेवक स्तुति करत सदाहीं॥

वेद माहि महिमा तुम गाई। अकथ अनादि भेद नहिं पाई॥

प्रकटी उदधि मंथन में ज्वाला। जरत सुरासुर भए विहाला॥

कीन्ही दया तहं करी सहाई। नीलकण्ठ तब नाम कहाई॥

पूजन रामचन्द्र जब कीन्हा। जीत के लंक विभीषण दीन्हा॥

सहस कमल में हो रहे धारी। कीन्ह परीक्षा तबहिं पुरारी॥

एक कमल प्रभु राखेउ जोई। कमल नयन पूजन चहं सोई॥

कठिन भक्ति देखी प्रभु शंकर। भए प्रसन्न दिए इच्छित वर॥

जय जय जय अनन्त अविनाशी। करत कृपा सब के घटवासी॥

## चार अबूझ मुहूर्त में से एक है अक्षय तृतीया: 30 अप्रैल को बिना मुहूर्त देखे कर सकेंगे विवाह

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया 30 अप्रैल को है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहते हैं। अक्षय यानी जिसका कभी क्षय नहीं होता है। इस तिथि पर किए गए शुभ कामों से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है, ऐसी मान्यता है। साल में कुल चार अबूझ मुहूर्त होते हैं, बसंत पंचमी, भड़ली नवमी, देवउठनी एकादशी और अक्षय तृतीया। इन चारों तिथियों पर बिना मुहूर्त देखे, विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार जैसे शुभ काम किए जा सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, अक्षय तृतीया धर्म-कर्म के साथ ही दान-पुण्य करने का महापर्व है। इस दिन घर के लिए जरूरी सामान की खरीदारी करने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के व्रत-उपवास और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका कभी क्षय (नष्ट) नहीं होता है। ज्यादा दान न कर सके तो इस दिन कम से कम जल का दान जरूर करना चाहिए। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजें लंबे समय तक खराब नहीं होती हैं। इस तिथि पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा भी है। पुराने समय में वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया पर भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार लिया था। परशुराम चिरंजीवी (अमर) माने गए हैं, इस कारण इनकी जन्म तिथि को चिरंजीवी तिथि भी कहा जाता है। इनके अलावा भगवान विष्णु के नर-नरायण, हयग्रीव अवतार भी इसी तिथि पर हुए थे। इस वजह से अक्षय तृतीया का महत्व काफी अधिक है। अक्षय तृतीया पर सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि के बाद घर के मंदिर में विष्णु जी और लक्ष्मी जी का अभिषेक करना चाहिए। अक्षय तृतीया पर दिन की शुरुआत गणेश पूजन के साथ करें।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# श्री शिवनाथ समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह गरिमापूर्ण संपन्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय समिति द्वारा नगर की सुप्रसिद्ध 98 वर्ष पुराने सभागृह में सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि शहर के प्रथम नागरिक महापौर श्री मधुसूदन यादव, विशेष अतिथि श्री नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन, श्री कोमल सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ शंकर मुनि राय विभागाध्यक्ष हिंदी दिग्विजय महाविद्यालय। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डी सी जैन, श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के गरिमामय उपस्थिति में भगवान शिव जी की पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न संस्थाओं के बुद्धिजीवी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि हम सबको संयुक्त रूप से शिवनाथ नदी के संरक्षण व जल संवर्धन हेतु माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, जिले के सांसद श्री संतोष पांडे, श्री नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मंडल एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाकर कार्य का क्रियान्वयन करना होगा। भविष्य में शिवनाथ कॉरिडोर बनाए जाने की प्रस्तावना भी रखी गई। इस अवसर पर उन्होंने शिवनाथ समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन को बधाई भी दिया। विशेष अतिथि के रूप में नीलू शर्मा ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में राज्य का भविष्य उज्जवल है और रोजगार की बहुत संभावनाएं है। राज्य ने बहुत से ऐतिहासिक धरोहर विद्यमान है जो पर्यटन को बढ़ाने में सहायक होंगे। उन्होंने इस अवसर पर शिवनाथ समिति के द्वारा किये जा रहे 3 दशकों के कार्यों की प्रशंसा भी की। जिला भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि हमें शहर के लिए एक अच्छे विधायक के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जो हमेशा शहर एवं प्रदेश के विकास के लिए प्रयत्नशील रहते हैं, जब हम किसी कार्य के लिए उनसे अपेक्षा रखते है तो हमें उससे भी कही अधिक बढ़-चढ़कर हमें प्रदान करते है। पूर्व में भी डॉ रमन सिंह के द्वारा शिवनाथ के विकास और जल संवर्धन के लिए बहुत बड़ा कार्य किया गया है और आगे भी उसकी मंशा के अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्य योजनाओं को गति मिलेगी, इसके लिए उन्होंने बढ़ चढ़कर राशि बजट में स्वीकृत कराया हैं। विशेष रूप से डॉ रमन सिंह के द्वारा राजनांदगांव जिले के विकास हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं को जो गति दी गई है वह अविस्मरणीय है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं स्वयं शिवनाथ समिति का उपाध्यक्ष हूं।

शिवनाथ रत्न से सम्मानित डॉ शंकर मुनि राय ने इस अवसर पर कहा कि मैं बिहार का रहने वाला हूं और छत्तीसगढ़ में मुझे सम्मानित किया जा रहा है जिससे मैं बहुत गौरवान्वित हुआ हूं। वैसे तो विभिन्न स्थान पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान मुझे प्राप्त हुए है किन्तु जब कोई व्यक्ति अपने घर में सम्मानित होता है तो उसकी खुशी अलग होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समिति के द्वारा हिंदी साहित्य को बढ़ाने के उद्देश्य से जो कार्य किए जा रहे हैं वह सराहनीय हैं। भविष्य में भी समिति इस प्रकार के आयोजन करते हुए साहित्यकारों का सम्मान कर उत्साहवर्धन करती रहेगी ऐसी मेरी अपेक्षा हैं। उन्होंने डॉ डी सी जैन व समिति के पदाधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि समय-समय पर काव्य गोष्ठी एवं साहित्यिक चर्चा समिति के द्वारा की जाती है जिसमें मैं भाग ले कर बहुत आनंदित होता हूं। समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन ने बताया कि शिवनाथ रत्न का पुरस्कार विगत कई वर्षों से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहित्यकार को प्रदान किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में वर्ष 2024 का पुरस्कार डॉ शंकर मुनि राय को उनके द्वारा लिखित पुस्तक च्द्दो मिनट का मौन पर दिया जा रहा है। समिति के सचिव अमलेंदु हाजरा ने सफल संयोजन और संचालन करते हुए कहा कि उक्त शिवनाथ रत्न पुरस्कार डॉ डी सी जैन द्वारा उनकी सुपुत्री स्वर्गीय ममता जैन की स्मृति में प्रति वर्ष एक श्रेष्ठ साहित्यकार को साहित्यिक क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाता हैं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत के साथ उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर ओंकार लाल श्रीवास्तव, राकेश ठाकुर, कचरू शर्मा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। उक्त कार्यक्रम में राजेंद्र जैन, मनोज बैद अध्यक्ष सकल जैन समाज, संतोष पटाक, नमिताभ जैन, पंकज गुप्ता, रवि सिन्हा, संदीप भट्टाचार्य, सूरज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, जेल रुचंदानी, हरजीत सिंह भाटिया, संतोष साहू, शिव वर्मा, गिरीश ठक्कर, आर बी तिवारी, श्रीमती केवड़ा विजय राय, डॉ साहू, प्रकाशचंद बैद, ओंकार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समिति की ओर से शैलेन्द्र तिवारी द्वारा दी गई।



# विवाह के बाद अन्य प्रदेश से आयी महिला को भी जारी होगा छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र मिलेगा आरक्षण का लाभ : लवकुमार रामटेके



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बाद से ही ना छत्तीसगढ़ में निवासरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि ऐसी महिलाओं को भी छत्तीसगढ़ में जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जो विवाह के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य में आई है जबकि अपने मायके वाले प्रदेश में उच्च शिक्षित व अनुसूचित जाति जनजाति व पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में रहती है किन्तु छत्तीसगढ़ में विवाह हो जाने से उसे छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का लाभ प्राप्त नहीं होता है. ऐसा ही एक मामला राजनांदगांव के डोंगरगांव तहसील का है जहां एक अनुसूचित जाति महार वर्ग की महिला जो मूल रूप से गोंदिया वर्तमान महाराष्ट्र की है का विवाह वर्ष 2009 में डोंगरगांव निवासी युवक के साथ हुआ युवक अनुसूचित जाति महार का सदस्य है. जिसे वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ राज्य के द्वारा अनुसूचित जाति का स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है विवाह के पश्चात युवक अपनी पत्नी का भी जाति प्रमाण पत्र बनाना चाहा जिस पर जिसके लिये सक्षम अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को आवेदन 2021 ही प्रस्तुत किया गया. लगभग एक वर्ष तक जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने से आवेदिका ने अधिवक्ता लव कुमार रामटेके के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की याचिका में आवेदिका को जारी छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र विवाह प्रमाणित करने के लिए शपथ पत्र आवेदिका द्वारा छत्तीसगढ़ से मास्टर डिग्री एवं बीएड डिग्री का प्रमाण पत्र लगाया गया साथ ही आवेदिका की पिता एवं दादा का वर्ष 1929 का स्कूल का दाखिल खारिज लगाया गया जो की तत्काली के सीपी एंड बेरार वर्तमान महाराष्ट्र का लगया गया. उक्त उक्त दस्तावेजों के आधार पर माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदिका के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा अनविभागीय अधिकारी डोंगरगांव को माधुरी पाटिल एवं महाराष्ट्र राज्य के प्रकरण का हवाला देते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी करने की संपूर्ण प्रक्रिया फर्जी जाति प्रमाण पत्र जांच करने की प्रक्रिया आदि का उल्लेख करते हुए 45 दिनों के भीतर आवेदिका की जाति प्रमाण पत्र अथवा सामाजिक स्थिति प्रमाण पत्र का विधिवत निराकरण करने का निर्देश दिया. श्री रामटेके ने बताया कि ऐसा प्रकरण लम्बे समय के बाद आया है. अन्य प्रदेश में पढ़ी-लिखी महिलाएं जो विवाह के बाद छत्तीसगढ़ में आती है ऐसी महिलाओं को उच्च शिक्षित होते हुए भी अथवा शिक्षित होती हुई भी छत्तीसगढ़ में आरक्षण का लाभ नहीं मिलने से उनके द्वारा प्राप्त की गई शिक्षा का कोई उचित नहीं रह जाता है ऐसा देखा जाता है की ऐसी महिलाएं केवल घरेलू महिलाएं ही बनकर रह जाती हैं. यदि ऐसा ही रहा तो विवाह योग्य युवक युवतियों केवल अपने ही प्रदेश तक सीमित रह जाएंगे अन्य प्रदेशों के साथ उनका सामाजिक व्यवहार समाप्त हो जाएगा राज्य सरकारी एवं केंद्र सरकार को इस दिशा में

# शैक्षणिक कृषक भ्रमण नागपुर के लिए किसान हुए रवाना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत छुरिया विकासखंड से शैक्षणिक



कृषक भ्रमण नागपुर (महाराष्ट्र) हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंहा, कृषि स्थाई समिति की सभापति श्रीमती उत्तराबाई निषाद, समाज सेवी श्री राजेश्वर ध्रुर्वे विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी किसानों को शैक्षणिक कृषक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कृषकों को भ्रमण के दौरान नई कृषि पद्धति सीखने, टिकाऊ खेती, फसल चक्र पद्धति अपनाने एवं कम पानी लगने वाले फसलों को लगाने प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जीपी सहादे, श्री हितेश गुप्ता, श्री सुदेश पटेल, संतोष कुमार साहू,श्री मुकेश पडवार, श्री हेमंत वैष्णव ,श्री सुरेश ठाकुर सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।

# बिल्हरी में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से जांच उपचार कर, दवाई की वितरण

## 35 मरीज आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हुए

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में ज़िला राजनांदगाँव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर( आयुष) बिलहरी ग्राम में दिनांक 21/4/2025 को राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय आयुष मिशन के नि:शुल्क ह्क्क-ह्ष्ष्ठ ष्ट्ड्डद्व्र का आयोजन किया गया।शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ सुनील भोई आयुष चिकित्सक पो. ग्रेजुएट आयुर्वेद डॉ अनमोल गुप्ता, योग प्रशिक्षक गीता यादव ,फार्मासिस्ट श्री अलख राम सिन्हा औषधालय सेवक श्री रामभगत खरे पीटीएस श्रीमती शशि देवी उपस्थित रहे। उक्त शिविर में कुल 35 रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ मिला एवं 30 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई एवम् आहार-विहार की जानकारी दी गई।शिविर में उपस्थितजनो को गैर संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे मे तथा योग, प्राणायाम,दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी भी दी गई और औषधि का वितरण किया गया। शिविर में डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष रीता सिन्हा, जनपद सदस्य मन्हरण सिन्हा, बिलहरी सरपंच सूरज कौशल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।




# हमार अस्पताल का हाल देखने पहुंचीं नगर पंचायत अध्यक्ष और एसडीएम

## अस्पताल में गंदगी , पानी की किल्लत और अफसर की लापरवाही का खुलासा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रविवार रात डोंगरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दृश्य देखने को मिला, जो किसी भी संवेदनशील जनप्रतिनिधि को झकझोर दे। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी मरीजों की शिकायत पर अस्पताल पहुंचीं और जो देखा, वह किसी बीमार अस्पताल से कम नहीं था—चारों ओर गंदगी, पीने के पानी का संकट और जिम्मेदार अफसर नदारद।

**शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचीं अध्यक्ष**

मरीजों और परिजनों ने अस्पताल की बदहाली की शिकायत सीधे अध्यक्ष त्रिपाठी को फोन पर की थी। बिना देर किए वे अस्पताल पहुंचीं और खुद हालात का जायजा लिया। निरीक्षण में सामने आया कि न सफाई का इंतजाम है, न पीने के पानी की कोई व्यवस्था।

**अफसर गायब, फोन तक नहीं उठाया**

अधिक चिंता की बात यह रही कि अस्पताल का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं था। जब अध्यक्ष ने बीएमओ रागनी चंद्रे और जिला स्वास्थ्य अधिकारी को कॉल किया, तो दोनों ने कॉल रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझा। इस गैरजिम्मेदारी से खफा त्रिपाठी ने तत्काल पानी का टैंकर मंगवाया और मरीजों को राहत दिलाई।



**तहसीलदार को दिए सख्त निर्देश, स्वास्थ्य मंत्री तक मामला पहुंचाने की चेतावनी**

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार से चर्चा करते हुए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को जल्द सुधार के निर्देश दिए। चेतावनी भी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे, तो वे इस मुद्दे को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाएंगी।

**गंदा वाटर कूलर, बहते नल—लापरवाही की खुली पोल**

अस्पताल में वाटर कूलर में गंदा पानी पाया गया और बाथरूम के नल खुले हुए थे, जिन्हें अध्यक्ष ने खुद बंद किया। यह दृश्य अस्पताल की बदइंतजामी और लापरवाह प्रशासन की पोल खोलता है।

**एसडीएम ने लिया संज्ञान, सुधार के निर्देश**

सोमवार को एसडीएम श्रीकांत कोर्राम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी बीएमओ हिमांशु नामदेव को अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही हर दिन दो पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया।

**बीएमओ लंबे समय तक छुट्टी में**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ रागनी चंदे लंबे समय के लिए छुट्टी में चले गए हैं बीएमओ के छुट्टी में जाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सारे कार्य चरमरा गए हैं एक ओर शासन द्वारा सुशासन दिवस मनाया जा रहा है जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित कई आवदेन दिया गया है यहां पर वर्तमान में पानी की समस्या बनी हुई है पानी के लिए अस्पताल में मरीज पानी के लिए भटक रहे हैं।

# सुशासन तिहार बना वरदान, एक दिन में मिला जाति प्रमाण पत्र

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रंगीटोला निवासी श्री दीनालाल मंडलोई को एक दिन में ही जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया। श्री दीनालाल मंडलोई ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तहसील कार्यालय डोंगरगांव स्थित लोक सेवा केंद्र में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए बताया कि लोक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर एक ही दिन में नि:शुल्क जाति प्रमाण पत्र बनकर प्राप्त हो गया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com